(d) if so, the steps Government pro pose to take to stop trials by foreign firms; and

(e) the action Government propose to take against the officials responsible?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF ENVIRONMENT AND FORESTS (SHRI KAMAL NATH): (a) Yes, Sir.

(b) No such permission has been granted.

(c) to (e) Do not arise.

मध्यप्रदेश के लिए पर्यावरण की स्वीकृति हेतु लंबित परियोजनाएं

***51. श्री शिव प्रसाद चनपुरिया :** क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) मध्य प्रदेश में सिंचाई और पन बिजली उत्पादन से संबंधित विचाराधीन या निर्मित कौन-कौन सी छोटी, मझोली और बड़ी परियोजनाएं इस समय स्वीकृति हेतु लम्बित हैं ;

(ख) इन परियोजनाओं के जलाशयों से कितने प्रतिशत वनों के नष्ट होने का अनुमान है ;

(ग) क्या सिंचाई और पन बिजली से होने वाले लाभों की अपेक्षा वनों का अधिक नुकसान होने का अनुमान है; और

(घ) यदि नहीं, तो राष्ट्रीय हित में इन लम्बित परियोजनाओं को कब तक स्वीकृति दी जाएगी ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कमल नाथ) : (क) पर्यावरणीय दृष्टि से मंजूरी देने के लिए कोई भी सिंचाई/जल-विद्युत परियोजना केन्द्र सरकार के पास लम्बित नहीं है। 30.6.93 की स्थिति के अनुसार, वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 के तहत केन्द्र सरकार के पास लम्बित मध्य प्रदेश की सिंचाई और जल-विद्युत परियोजनाओं के नाम दर्शाने वाला एक विवरण सदन के पटल पर रख दिया गया है। (नीचे देखिए)

(ख) इन परियोजनाओं के लिए 7,786.044 हे. वन भूमि मांगी गई है, जो मध्य प्रदेश के दर्ज कुल वन क्षेत्र का लगभग 0.05% है।

(ग) और (घ) वन भूमि दिये जाने के पर्यावरणीय प्रभाव, मिलने वाले लाभों की तुलना में अलग-अलग परियोजनाओं में अलग-अलग हैं। प्राप्त प्रत्येक प्रस्ताव की उसके गुण-दोष के आधार पर जांच की जाती है और राज्य सरकार से सभी अनिवार्य ब्यौरे मिल जाने के पश्चात, प्रस्तावों पर निर्णय लेने के लिए तत्काल कार्रवाई की जाती है।

विवरण

क्रम सं०	प्रस्ताव का नाम	अपेक्षित वन क्षेत्र (हे. में)
1.	मदना टैंक परियोजना	8.377
2.	लोसोंगा टैंक परियोजना	5.168
3.	केसवी टैंक परियोजना	2.509

क्रम सं०	प्रस्ताव का नाम	अपेक्षित वन क्षेत्र (हे० म)
4.	मुजाई गोण्डी टैंक परियोजना	20.180
5.	सेन्धरी पानी टैंक परियोजना	29.630
6.	लोहागांव टैंक परियोजना	22.350
7.	चिचाडी टैंक परियोजना	44.73
8.	नन्दको टैंक परियोजना]	32.535
9.	सन्दूर बांध परियोजना	1080.220
10.	राजाली टैंक परियोजना	6.5
11.	चकदाही टैंक परियोजना	9.95
12.	पिलपानी टैंक परियोजना	39.560
13.	बकोरी टैंक परियोजना	105.92
14.	निम्ब टैंक परियोजना	61.50
15.	ऊपरी चंडिया टैंक परियोजना	149.24
16.	मोहरेंगा टैंक परियोजना	49.40
17.	रानी डोंगरी टैंक परियोजना का निर्माण . . .	33.980
18.	धनाकर टैंक परियोजना	54.520
19.	गोदला नाला टैंक परियोजना	53.703
20.	पी० वी० 103 सिंचाई परियोजना का निर्माण . . .	95.930
21.	बोध घाट जल-विद्युत परियोजना	5704.332
22.	डूमरपाली सिंचाई परियोजना	40.00
23.	शामपुर टैंक परियोजना का निर्माण	45.310
24.	अमरपुरा परियोजना का निर्माण	56.50
25.	पाहुदा सिंचाई परियोजना	44.00